# वार्षिक परीक्षा 2019–2020
# कक्षा – 8वीं
# विषय – हिन्दी

समय : 2 घंटे                                                                 पूर्णांक : 100

.................................................................................................................................

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए : 10

क) 'आंखें फेर लेना' का अर्थ होता है :
1) आशंका से व्याकुल 2) प्रतिकूल होना
3) अनदेखा कर देना

ख) उपसर्ग पहचानकर अलग कीजिए :
1) परियावरण 2) लेखक 3) राष्ट्र

ग) अवनि का समानार्थी शब्द होगा :
1) धरती 2) आग 3) आसमान

घ) राजभवन को जोड़ने पर क्या होगा :
1) राजाभवन 2) राजभवन 3) राज्यमहल

ड.) धनी शब्द का समानार्थी शब्द होगा :
1) गरीब 2) रईस 3) धरा

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूति कीजिए : 10

क) जिसमें जानने की इच्छा हो उसे ................................ कहते हैं।

ख) हीमालय शब्द का शुद्ध रूप ................................ होगा।

ग) जीभ कोमल है पर ...................................... कठोर है।

घ) किन्नरों का आश्रम ...................................... कहलाता है।

ड.) गोदावरी हर ................................ के बारी म जाके चरय।

प्र.3 नीचे लिखे प्रश्नो के उत्तर दीजिए : 24

1) परसराम के सुभाव कइसे रहिस ?

2) भूजल के उपयोग काबर बढ़गेहे ?

3) कुंवर सिंह ने अपनी बांह काट कर गंगाजी को क्यों अर्पित कर दी ?

4) कमल में भौंरा कैसे बंद हो गया ?

5) लोकप्रिय बनने के लिए आपको क्या करना होगा ?

6) शिखंडी कौन था और क्यों प्रसिद्ध हुए ?

प्र.4 निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

क) का होगे के रात हे, घपटे हे अंधियार।
आसा अउ विसवास के, चल तँय दीया बार।।

या

आज अनुज को खोज निकालो
जाति, वर्ण, संस्कृति समाज से,
भूल व्यक्ति को फिर से चालो।
देश राष्ट्र के विविध भेद, हर
धर्म–नीतियों में समत्व भर।

प्र.5 दिए गए गद्यांश का सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

मैं आज बहुत चला हूं। एक कदम भी और चलने का सामर्थ्य नहीं है, फिर इस अंधेरे में कैसे, कहां धर्मशाला को खोजता फिरूं ?

सत्याग्रह आश्रम वासियों को किन नियमों का पालन करना

आदर्श ग्राम की कल्पना क्या थी ?

प्र.6 ''पानी हे, त जिनगानी हे'' ये विषय ल लेके दस वाक्य लिखव। 8

प्र.7 आप कैसे सिद्ध करेंगे कि सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में सभी वर्ग के लोगों ने संग्राम में भाग लिया था ? 8

प्र.8 अपने छोटे भाई को जन्मदिन की बधाई पत्र लिखिए। 8

प्र.9 अपठित गद्यांश 10

प्रायः देखा गया है कि छात्र अपने बहूमूल्य समय को व्यर्थ के कार्यों में नष्ट कर देते हैं। एक बार समय हाथ से निकल गया तो फिर वापस नहीं आता। हमको एक क्षण भी नष्ट नहीं करना चाहिए। समय का सदुपयोग करना चाहिए। हमारी शिक्षा–दीक्षा एवं भावी जीवन की सफलता के लिए अत्यंत उपयोगी है। हमारी भावी सफलता परिश्रम और समय के सदुपयोग पर निर्भर करती है।

प्र.1 गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र.2 हमारी भावी सफलता किस बात पर निर्भर है।

प्र.3 समय का सदुपयोग क्यों आवश्यक है।

प्र.10 निबंध लिखिए : (कोई एक) 10

आदर्श विद्यार्थी, प्रदूषण की समस्या और रोकने के उपाय

.....000.....